# भारत काबुल में खोलेगा दूतावास

## तालिबान शासन के बीच बड़ा राजनयिक फैसला

- जयशंकर-मुत्ताकी की मुलाकात में अहम ऐलान
- काबुल में फिर गूंजेगी भारतीय राजनयिक आवाज



**नई दिल्ली, 10 अक्टूबर.चार साल पहले जब तालिबान ने काबुल पर कब्जा किया था, भारत ने अपने दूतावास को बंद कर दिया था. लेकिन अब अंतरराष्ट्रीय हालात और कूटनीतिक समीकरणों में बड़ा बदलाव आया है. भारत ने एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए अफगानिस्तान के साथ फिर से पूर्ण राजनयिक संबंध बहाल कर दिए हैं और काबुल में अपना दूतावास फिर से खोलने की घोषणा की है.**

भारत ने अफगानिस्तान के साथ अपने राजनयिक संबंधों को फिर से मजबूत करते हुए काबुल में पूर्ण दूतावास खोलने की घोषणा की है. यह फैसला शुक्रवार को नई दिल्ली में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और तालिबान सरकार के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के बीच हुई बैठक के बाद सामने आया. तालिबान शासन के दौरान भारत द्वारा लिया गया यह सबसे बड़ा और अहम कूटनीतिक कदम माना जा रहा है. बैठक के दौरान जयशंकर ने साफ कहा कि अफगान हमारे लिए काफी अहम हैं. भारत ने हमेशा अफगानिस्तान की जनता के साथ खड़ा रहने का प्रयास किया है. उन्होंने यह भी बताया कि जल्द ही काबुल स्थित भारतीय तकनीकी मिशन को पूर्ण राजनयिक दूतावास का दर्जा दिया जाएगा.

इस मुलाकात के दौरान मुत्ताकी ने भारत के प्रति आभार व्यक्त करते हुए यह भरोसा भी दिलाया कि अफगानिस्तान की ज़मीन का इस्तेमाल कभी भी भारत के खिलाफ नहीं होने दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा अफगान जनता की मदद की है, और तालिबान शासन भारत के साथ बेहतर रिश्तों के लिए प्रतिबद्ध है.

> गौरतलब है कि अगस्त 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद भारत ने काबुल से अपने सभी राजनयिकों को वापस बुला लिया था. इसके बाद भारत ने एक तकनीकी मिशन के जरिए सीमित राजनयिक उपस्थिति बनाए रखी थी. अब काबुल में रूस, ईरान, चीन और पाकिस्तान समेत कई देशों के दूतावास पहले से ही काम कर रहे हैं, लेकिन भारत का यह फैसला कई मायनों में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है.

### रक्षा क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध भारत और ब्रिटेन

**नयी दिल्ली.** भारत और ब्रिटेन ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करते हुए रक्षा संबंधों को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शुक्रवार को मुंबई में ब्रिटेन के रक्षा राज्य मंत्री वर्नोन कोकर के साथ द्विपक्षीय बैठक की. दोनों नेताओं के बीच यह बैठक ब्रिटिश कैरियर स्ट्राइक ग्रुप की भारत यात्रा के दौरान हुई. बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग की समीक्षा की और भारत तथा ब्रिटेन के बीच सहयोग को अधिक मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा की. रक्षा राज्य मंत्री ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि विमानवाहक पोत प्रिंस ऑफ वेल्स के नेतृत्व में ब्रिटिश सीएसजी ने भारत के पश्चिमी तट पर भारतीय नौसेना के साथ द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास कोंकण-25 के समुद्री चरण को सफलतापूर्वक पूरा किया. सीएसजी अभी मुंबई और गोवा में बंदरगाह चरण से जुड़ी गतिविधियों में शामिल है.



# मुकेश ने बदरीनाथ, केदारनाथ के किये दर्शन

**चमोली 10 अक्टूबर. देश के प्रतिष्ठित उद्योगपति और रिलायंस इंडस्ट्रीज अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने शुक्रवार को बदरीनाथ और केदारनाथ में दर्शन किये और बदरीनाथ और केदारनाथ मंदिरों की समिति को दोनों मंदिरों के लिए पांच-पांच करोड़ रुपये का दान दिया.**

श्री अंबानी ने आज पूर्वाह्न में भगवान बदरी विशाल और उसके

### 10 करोड़ का दिया दान


बाद रुद्रप्रयाग जिले में स्थित भगवान केदारनाथ के दर्शन किये.

उद्योगपति अंबानी के बदरीनाथ और केदारनाथ धाम पहुंचने पर श्री बदरीनाथ- श्री केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने उनका पारंपरिक उत्तराखंडी टोपी और मफलर भेंट कर स्वागत किया. दर्शन के बाद श्री अंबानी ने मंदिर समिति अध्यक्ष से बातचीत में कहा कि राज्य की धामी सरकार ने यात्रा पड़ावों पर यात्रियों की सुविधाओं के लिए अच्छी व्यवस्था की है. अन्य धार्मिक स्थलों पर ऐसी सुरक्षित व्यवस्थाएं कम देखने को मिलती हैं. रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष ने कहा कि वह लगभग 20 वर्षों से उत्तराखंड आ रहे हैं. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अगुआई में यहां ऐतिहासिक काम हुए हैं.

# कमजोरों को दबाने की हो रही राजनीति

**नयी दिल्ली, 10 अक्टूबर. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों पर लगातार हमलों से स्पष्ट है कि देश में कमजोर वर्गों को दबाने की राजनीति चल रही है जो लोकतंत्र के लिए घातक है.**

हरिओम



खरगे ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संबोधित करते हुए कहा नरेन्द्र मोदी जी, राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार, 2013 से 2023 के बीच दलितों के खिलाफ़ अपराधों में 46 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है. आदिवासियों के खिलाफ़ 91 फीसदी अपराध बढ़ें हैं. हरियाणा में आईपीएस अधिकारी से जातिगत भेदभाव, वाल्मीकि की प्रताड़ना, मुख्य न्यायाधीश पर हमला और उसको जायज़ ठहराने की भाजपाई सोच और भाजपा शासित राजस्थान के सवाई माधोपुर ज़िले में दलित बुजुर्ग महिला कमला देवी रैगर पर अत्याचार...ये सभी ताज़ा घटनाएँ सिर्फ़ अलग-अलग वारदातें नहीं हैं, बल्कि आरएसएस भाजपा की सामंतवादी सोच का खतरनाक प्रदर्शन है.

> उन्होंने कहा कि यह सिलसिला संविधान, सामाजिक न्याय और समानता के मूल सिद्धांतों पर सीधा हमला है. दलित, पिछड़े, आदिवासी और वंचित समाज को डराकर दबाने की यह राजनीति लोकतंत्र के लिए गम्भीर खतरा है. खरगे ने कहा भारत संविधान से चलेगा,न कि किसी कट्टर विचारधारा के फरमान से. दलित, आदिवासी, पिछड़े, अल्पसंख्यक और कमज़ोर वर्ग इसका ख़ामियाज़ा भुगत रहे हैं और आप इन पर अपनी आँखे बंद कर अपने ही तमाशों में व्यस्त हैं.

### फिलीपींस में भूकंप के 75 झटके, 6 की मौत

**मनीला.** फिलीपींस में पिछले 12 घंटे में भूकंप के 75 झटके महसूस किए गए हैं. दक्षिणी मिंडानाओ द्वीप के पास समुद्र में सुबह 7.6 तीव्रता का भूकंप आया था. इसके बाद से अब तक 75 झटके आ चुके हैं. शाम को 6.9 तीव्रता का भूकंप भी इसमें शामिल है. पेसिफिक सुनामी वॉर्निंग सेंटर ने सुबह सुनामी का अलर्ट जारी किया था. हालांकि, 2 घंटे बाद अलर्ट वापस ले लिया. अब स्थिति सामान्य है. अब तक भूकंप के कारण 6 लोगों की मौत हो चुकी है. बताया जा रहा है कि पहला झटका सुबह महसूस किया गया. इसमें पांच लोग मारे गए. भूकंप के चलते भूस्खलन भी हुआ. अस्पतालों और स्कूलों को नुकसान पहुंचा.

# भारत-अमेरिका में द्विपक्षीय मुद्दों पर होगी चर्चा

## अमेरिका के नये राजदूत गोर भारत यात्रा पर

**नयी दिल्ली/वाशिंगटन 10 अक्टूबर. भारत में अमेरिका के राजदूत नियुक्त सर्जियो गोर और प्रबंधन एवं संसाधन मामलों के अमेरिकी डिप्टी सेक्रेटरी माइकल जे. रिगास भारतीय अधिकारियों के साथ विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा के लिए इन दिनों भारत दौरे पर हैं . अमेरिकी विदेश विभाग के एक बयान के अनुसार दोनों अधिकारी 9 से 14 अक्टूबर तक भारत यात्रा पर हैं. बयान में कहा गया है , राजदूत गोर और डिप्टी सेक्रेटरी रिगास भारत सरकार के अपने समकक्षों के साथ मिलकर विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे.**



बयान के अनुसार अमेरिका अपनी रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत करने तथा एक सुरक्षित, मज़बूत और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ काम करना जारी रखेगा.

नए अमेरिकी राजदूत की यह यात्रा टैरिफ के मुद्दे पर तनातनी के बाद अमेरिका के साथ संबंधों में सुधार की कवायद के बीच हो रही है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार शाम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात की और उन्हें गाजा शांति योजना पर बधाई दी तथा व्यापार वार्ता पर भी चर्चा की.

> अमेरिकी सीनेट ने इस सप्ताह के शुरू में भारत में अमेरिका के अगले राजदूत के रूप में सर्जियो गोर की नियुक्ति की पुष्टि की थी. अमेरिका ने 38 वर्षीय गोर को दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए अमेरिका का विशेष दूत भी बनाया है.

### तूफ़ान मातमो से 15 लोगों की मौत

**हनोई.** वियतनाम में तूफ़ान मातमो के कारण हुई भारी बारिश और बाढ़ में देश के उत्तरी और उत्तर-मध्य में 15 लोगों की मौत हो गयी है और आठ अन्य घायल हो गये. आपदा एवं डाइक प्रबंधन प्राधिकरण ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. प्राधिकरण ने बताया कि 2,25,000 से ज़्यादा घर जलमग्न हो गये और 1,500 से ज़्यादा घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये, जबकि लगभग 24,000 हेक्टेयर चावल और अन्य फ़सलें जलमग्न हो गयीं. लगभग 5,87,000 मवेशी और मुर्गियां मारी गयीं या बह गयीं. इसके साथ ही तूफ़ान ने परिवहन में भी गंभीर व्यवधान पैदा किया, बाढ़ और भूस्खलन के कारण 27 सड़क खंड अवरुद्ध हो गये.

### एक नजर में



#### भारत की शेरी सिंह ने जीता मिसेज यूनिवर्स का खिताब

**नईदिल्ली.** भारत की शेरी सिंह ने मनीला में गुरुवार को मिसेज यूनिवर्स 2025 का खिताब जीता. मिसेज यूनिवर्स प्रतियोगिता के 48वें संस्करण का आयोजन फिलीपींस की राजधानी मनीला में किया गया था, जिसमें दुनिया भर से 120 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था. शेरी ने मिसेज इंडिया 2025 जीतने के बाद भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मनीला में अपनी शालीनता और वाक्पटुता से निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. उनकी महिला सशक्तिकरण एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता की प्रभावशाली दलीलों से भी निर्णायक काफी प्रभावित नजर आए. शेरी सिंह ने अपने ताजपोशी के बाद कहा, यह जीत सिर्फ मेरी नहीं है, यह हर उस महिला की है, जिसने कभी सीमाओं से परे सपने देखने की हिम्मत की है. मैं दुनिया को दिखाना चाहती थी कि दयालुता ही सच्ची सुंदरता को परिभाषित करती है. इस प्रतियोगिता में सेंट पीटर्सबर्ग की प्रतिभागी प्रथम रनर-अप और फिलीपींस की प्रतिभागी द्वितीय रनर-अप रहीं.

#### कांग्रेस ने तय किये 13 प्रत्याशियों के नाम घोषित

**नयी दिल्ली.** बिहार विधानसभा चुनाव के लिये पहले चरण के नामांकन आज से शुरु हो गए हैं लेकिन अभी तक प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज को छोड़कर किसी भी दल ने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन( राजग) के साथ साथ महागठबंधन में भी सीटों के बंटवारे को लेकर मंथन जारी है. इस बीच कांग्रेस सूत्रों के अनुसार पार्टी ने 13 प्रत्याशियों के नाम तय कर लिये हैं. पार्टी ने राष्ट्रीय जनता दल ( राजद) पर सीट बंटवारे के लिये दबाव बढ़ा दिया है. सूत्रों के मुताबिक अगर ऐसा नहीं हुआ तो कांग्रेस पहले चरण वाले इलाकों में अपने दावों वाली सीटों पर नामांकन शुरू कर देगी. हाल ही में हुयी कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ( सीईसी) की बैठक में पार्टी ने अपने हिस्से की संभावित सीटों के प्रत्याशियों के नाम तय कर दिए हैं. आने वाले दिनों में इसकी घोषणा की जायेगी.

# दलित आईपीएस पूरण की मौत पर केजरीवाल का फूटा गुस्सा

**नई दिल्ली, 10 अक्टूबर. हरियाणा में जातीय उत्पीड़न के चलते दलित आईपीएस अफ़सर पूरण कुमार की आत्महत्या से देश में रोष है. आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने इसे इंसाफ की लड़ाई बताया.**



हरियाणा कैडर के दलित आईपीएस अधिकारी पूरण कुमार की आत्महत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है. जातीय उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पूरण कुमार ने जान दे दी. इस घटना पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच X पर तीखा आक्रोश जताया. केजरीवाल ने लिखा, हरियाणा के दलित आईपीएस पूरण कुमार को जाति के नाम पर इतना प्रताड़ित किया गया कि उन्होंने आत्महत्या कर ली. दोषियों को सख्त से सख्त सज़ा मिलनी चाहिए. उन्होंने आरोप लगाया कि जब देश के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंका गया, तब भी कुछ ट्रोल सोशल मीडिया पर दलितों को नीचा दिखाने और बाबा साहब अंबेडकर तक को गालियाँ देने से नहीं चूके. केजरीवाल ने कहा, आज भारत को ये लोग कहाँ ले आए हैं? उन्होंने जातीय भेदभाव और सामाजिक न्याय की रक्षा को लोकतंत्र की असली परीक्षा बताया. पूरण कुमार के परिजनों और सामाजिक संगठनों ने भी सीबीआई जांच की माँग की है. आप नेताओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वे इस लड़ाई को सड़क से संसद तक लेकर जाएंगे. पार्टी जल्द ही एक राष्ट्रीय स्तर का विरोध प्रदर्शन आयोजित करने जा रही है.

> दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने करवा चौथ के पावन अवसर पर दिल्ली की सभी महिलाओं को बधाई दी है. अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए इस त्योहार की परंपरा को नमन किया और महिलाओं के वैवाहिक जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की. उन्होंने लिखा है कि करवाचौथ की सभी माताओं और बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं. आपका यह व्रत आपके जीवन में अपार खुशियां लेकर आए, आपके जीवनसाथी की उम्र लंबी हो और परिवार में सदा प्रेम और सुख बना रहे.

### आज का इतिहास

1521: पोप लियो दशम ने इंग्लैंड के राजा हेनरी अष्टम को 'आस्था के रक्षक' की उपाधि दी.

1737: कलकत्ता में आए चक्रवाती तूफान में लगभग तीन लाख लोगों की मौत हो गयी.

1881: अमेरिकी आविष्कारक डेविड हेंडरसन हॉस्टन ने कैमरों के पहले रोल फिल्म का पेटेंट कराया.

1911: स्वामी विवेकानन्द की सहयोगी एवं समाज सेविका सिस्टर निवेदिता का निधन.

1942: बॉलीवुड महानायक अमिताभ बच्चन का जन्म.

# जुबिन गर्ग केस में दो पीएसओ गिरफ्तार

## 1.1 करोड़ के लेन-देन में गहराया शक का दायरा

**गुवाहाटी, 10 अक्टूबर. असम के प्रसिद्ध गायक जुबिन गर्ग की असमय मौत को लेकर गहराता रहस्य और अधिक जटिल हो गया है. चार दिन की पूछताछ के बाद उनके दो निजी अंगरक्षकों की गिरफ्तारी से मामला अब आर्थिक अनियमितताओं की ओर भी इशारा करने लगा है.**



जुबिन के करीबी माने जाने वाले इन के खातों से करोड़ों रुपये का लेन-देन सामने आया है. जाने-माने असमिया गायक जुबिन गर्ग की मौत की जांच कर रही सीआईडी की विशेष जांच टीम ने शुक्रवार को दो बड़े गिरफ्तारियां कीं. पुलिस ने गायक के दो निजी सुरक्षा अधिकारियों को हिरासत में लिया है, जिन पर 1.1 करोड़ रुपये के संदिग्ध वित्तीय लेन-देन का आरोप है. गिरफ्तार किए गए दोनों सुरक्षा अधिकारी— हेड कांस्टेबल परेश बैश्य और कांस्टेबल नंदेश्वर बोरा, असम पुलिस की विशेष शाखा से जुड़े हैं.

> जांच टीम को यह भी जानकारी मिली कि जुबिन स्वयं कभी सीधे वित्तीय लेन-देन नहीं करते थे, बल्कि जरूरतमंदों को मदद देने के लिए यह कार्य उनके अंगरक्षक संभालते थे. स्द्धूश ने दोनों को शुक्रवार को कामरूप ष्छ्रुरु कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 5 दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया गया. एसआईटी इस बात की जांच कर रही है कि क्या यह वित्तीय लेन-देन जुबिन की सिंगापुर में हुई रहस्यमय मौत से किसी प्रकार से जुड़ा हुआ है.

# पाकिस्तान में सेना ने 30 आतंकवादी मारे

**इस्लामाबाद, 10 अक्टूबर. पाकिस्तानी सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए एक अभियान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के ओरकजई जिले में 30 आतंकवादी मारे गए हैं. सेना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. यह जवाबी कार्रवाई सेना पर कुछ दिनों पहले हुए एक हमले के बाद की गई है. इस घटना में कई सैनिक मारे गए थे.**

एक बयान में कहा कि सात अक्टूबर के आतंकवादी हमले में शामिल आतंकवादियों की मौजूदगी की विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिलने के बाद ओरकजई के जमाल माया इलाके में यह अभियान शुरू किया गया. बयान में कहा गया कि भीषण गोलीबारी के बाद सभी 30 आतंकवादी मारे गए. साथ ही, यह भी कहा गया कि यह समूह इस सप्ताह की शुरुआत में हुई जघन्य घटना को अंजाम देने में शामिल था. सैन्य सूत्रों के अनुसार, मंगलवार को तलाशी अभियान के दौरान जिले में आतंकवादियों ने सैनिकों के एक समूह पर हमला किया, जिसमें एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक मेजर रैंक के अधिकारी सहित 11 सैनिक मारे गए थे. आईएसपीआर ने कहा, इन सफल अभियानों ने हमले का बदला ले लिया है और मुख्य अपराधियों को न्याय के कटघरे में ला खड़ा किया है.

> आईएसपीआर ने कहा कि आसपास के इलाकों में बचे हुए आतंकवादियों को खत्म करने के लिए सफाई अभियान जारी है. पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ जरदारी ने आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सुरक्षा बलों की सराहना की और कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पाकिस्तान की निरंतर सफलता उसके संकल्प को दर्शाती है.

### सैन्य चौकियों पर आतंकवादी हमले में आठ सैनिकों की मौत


**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार तड़के एक सैन्य चौकी और एक सुरक्षा गश्ती दल पर आतंकवादियों की गोलीबारी में आठ सैनिकों की मौत हो गयी और पाँच अन्य घायल हैं. सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार आज तड़के लगभग 4:30 बजे खैबर जिले में हुई, जब आतंकवादियों ने मुख्य चौकी से लगभग 200 मीटर दूर तैनात उसी रेजिमेंट की एक चौकी और ब्लॉक पार्टी पर एक साथ हमला किया.

**सराहना** | रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जताया रणनीतिक सहयोग का विश्वास

# भारत-ऑस्ट्रेलिया साझेदारी ने पकड़ी गति

- ऑस्ट्रेलियाई कंपनियों के लिए खुले निवेश के अवसर
- रक्षा उद्योग में तकनीक, नवाचार और आत्मनिर्भरता पर ज़ोर

**नई दिल्ली, 10 अक्टूबर. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा सहयोग अब केवल कूटनीति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अब यह तकनीक, उत्पादन और नवाचार की साझेदारी में बदलता जा रहा है.**



भारत ने शुक्रवार को आयोजित रक्षा उद्योग गोलमेज बैठक में ऑस्ट्रेलिया को हिंद-प्रशांत क्षेत्र का सह निर्माता बताते हुए साझा रक्षा विकास की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया.

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा उद्योग व्यापार गोलमेज बैठक को संबोधित करते हुए ऑस्ट्रेलिया को एक सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का सह निर्माता करार दिया.

उन्होंने उन्नत तकनीकों और प्रणालियों के सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए ऑस्ट्रेलियाई कंपनियों को भारत में आमंत्रित किया.

सिंह ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया क्वांटम सिस्टम्स, स्वचालित अंडरवाटर व्हीकल्स और समुद्री निगरानी जैसी विशिष्ट तकनीकों में अग्रणी है, जबकि भारत के पास वृहद विनिर्माण क्षमता, सॉफ्टवेयर कौशल और मिसाइल व अंतरिक्ष तकनीक जैसी स्वदेशी क्षमताएं हैं. उन्होंने कहा कि दोनों देशों की तकनीकी ताकतों का मेल हिंद-प्रशांत में साझा लक्ष्यों की पूर्ति में सहायक होगा.

> राजनाथ सिंह ने भारत को नौसेना जहाजों के सह-उत्पादन, एमआरओ , और रीफिटिंग के लिए एक सक्षम और भरोसेमंद भागीदार बताया. उन्होंने कहा कि सप्लाई चेन विविधता, संयुक्त क्षमताएं और नवाचार में निवेश दोनों देशों को आत्मनिर्भर और सशक्त हिंद-प्रशांत के निर्माण में सक्षम बनाएगा. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया द्वारा रक्षा सामग्री और सेवाओं के पारस्परिक प्रावधान के प्रस्ताव का स्वागत किया और कहा कि भारत इसमें दीर्घकालिक सहयोग के लिए तैयार है.

### गाजा युद्धविराम समझौते के लिए अमेरिका भेजेगा सैनिक

**वाशिंगटन.** अमेरिका, इज़रायल और हमास के बीच गाजा युद्धविराम समझौते की निगरानी के लिए इज़रायल में लगभग 200 सैनिक भेज रहा है. गुरुवार को यह जानकारी दी गई. एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने संवाददाताओं को बताया कि टास्क फोर्स समझौते की निगरानी, निरीक्षण और यह सुनिश्चित करेगी कि कोई उल्लंघन न हो. अधिकारी के अनुसार, मिस्र, कतर और तुर्की सशस्त्र बलों के सदस्य अमेरिकी टीम में शामिल होंगे. एक अन्य अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि टास्क फोर्स गाजा में नहीं होगी.

# 60 लाख से अधिक गरीबों को मिला आवास

**गोरखपुर, 10 अक्टूबर. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली से पहले गोरखपुर में गरीबों को अनमोल उपहार सौंपा. पाम पैराडाइज, देवरिया बाईपास स्थित हाई-राइज बिल्डिंग में 160 परिवारों को ईडब्ल्यूएस/ एलआईजी फ्लैट्स की चाबियां भेंट कीं.**



इनमें 80 फ्लैट्स आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और 80 निम्न आय वर्ग (एलआईजी) के लिए हैं. साथ ही, गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की 118 करोड़ रुपये की 50 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि हर परिवार की एक तमन्ना होती है कि उसका अपना एक घर हो, सर ढकने को छत मिले. आज 160 परिवारों को यह दीपावली का शुभ उपहार मिल रहा है. कार्तिक मास के शुभ मुहूर्त में यह उपलब्धि और भी खास है. उन्होंने कहा कि एक परिवार में औसतन 5-6 सदस्य होने पर करीब 700-800 लोग सीधे लाभान्वित हो रहे हैं. यह किसी भी व्यक्ति के लिए केवल आवास ही नहीं, बल्कि जीवन की महत्वपूर्ण घटना होती है.

उन्होने कहा कि आवास वितरण पूरी पारदर्शिता के साथ हुआ. जीडीए की हाउसिंग स्कीम में 40 विस्थापित परिवारों को प्राथमिकता दी गई. शेष 120 परिवारों का चयन लॉटरी से हुआ. 9,000 से अधिक आवेदनों में से ये सौभाग्यशाली हैं. विकास प्राधिकरण को चाहिए कि बाकी जरूरतमंदों के लिए आवास प्रक्रिया तेज करें. ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स 35 वर्ग मीटर के हैं, जिनकी बाजार कीमत 13-15 लाख रुपये है, लेकिन सब्सिडी से मात्र 5.40 लाख रुपये में उपलब्ध. एलआईजी फ्लैट्स 41 वर्ग मीटर के हैं. बाजार मूल्य 19-20 लाख के मुकाबले 10.80 लाख रुपये में. उन्होंने कहा कि जब सरकार और जनप्रतिनिधि ईमानदार होंगे.